15 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

भीम BHIM भारत इंटीग्रेशन मिशन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(96)RSSB/अर्थना/कृ.आ./क.अभि./भर्ती /2022/835 दिनांक : 14.09.2022

–:: कार्यालय आदेश ::–

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती–2022

बोर्ड द्वारा कृषि विभाग के लिए कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती–2022 हेतु दिनांक 03.06.2022 को विज्ञापन जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा दिनांक 10.09.2022 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है। बोर्ड के आदेश दिनांक 24.03.2021 की पालना में इस भर्ती में आवेदकों के ऑनलाईन आवेदन में **दिनांक 17.09.2022 से दिनांक 26.09.2022 23.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।** अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में स्वयं का नाम, माता/पिता के नाम, जन्म तिथि, लिंग, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन नहीं कर सकेगा। इसके अतिरिक्त अन्य सूचनाओं यथा श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी एवं वैवाहिक स्थिति इत्यादि में निर्धारित रू. 300/–का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। आवेदक के नाम, माता/पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। **उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। इस हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

सचिव